तापमान

भोपाल	30.1°	12.6°
इंदौर	30.2°	15.7°
जबलपुर	29.8°	13.8°
ग्वालियर	31.1°	15.3°

दैनिक
नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 78
(भोपाल : वर्ष 39 अंक 348,पृष्ठ 12)
रविवार 17 नवम्बर 2024
राजधानी संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये

राजधानी... भारत की पहचान अपनी गुरूत्व शक्ति...

खेल... बांग्लादेश टेस्ट के लिए वेस्टइंडीज की टीम घोषित...

व्यापार... शेयर बाजार में दूसरे सप्ताह भी गिरावट रही...

देश-विदेश... सबसे कम उम्र की कैरोलिन बनी व्हाइट हाउस की...

www.naiduniaonline.com

गरीब, मध्यम वर्ग लेने लगा है जोखिम देश में दिखने लगा है परिवर्तन : मोदी

नई दिल्ली (एजेंसी)।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि उनकी सरकार ने अच्छी आर्थिक नीतियों एवं सुशासन के बल पर जनता का आत्म विश्वास बढ़ाया है और गरीबों एवं मध्यम वर्ग के बीच जोखिम लेने की संस्कृति को पुनर्जीवित किया है जो भारत में बड़े बदलाव ला रही है।

श्री मोदी ने यहां देश के प्रतिष्ठित समाचार पत्र हिन्दुस्तान टाइम्स के 100 वर्ष पूरे होने के मौके पर यहां आयोजित एक कार्यक्रम में यह भी कहा कि उनकी सरकार ने निवेश से रोज़गार, विकास से गरिमा का जो मंत्र दिया है, उससे लोगों का जीवन आसान हुआ और उनमें सम्मान एवं स्वाभिमान का भाव पैदा हुआ जिसने देश एवं समाज के विकास को भी गति दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन लोगों ने लंबे समय तक भारत की राजनीति और नीतियों को देखा है। उन्हें पहले एक जुमला अक्सर सुनाई देता था- अच्छी आर्थिकी इज बुरी राजनीति। विशेषज्ञ कहे जाने वाले लोग इसे खूब बढ़ावा देते थे। लेकिन इससे पहले की सरकारों को हाथ पर हाथ रख कर बैठे रहने का बहाना मिल जाता था। यह एक तरह से कुशासन को, अक्षमता को छिपाने का माध्यम बन गया था। पहले सरकार इसलिए चलाई जाती थी कि बस अगला चुनाव जीत लिया जाए।

मोदी तीन देशों की यात्रा पर रवाना बोले- सार्थक चर्चा को लेकर हूं आशान्वित

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के ब्राजील और नाईजीरिया एवं गुयाना की पांच दिवसीय यात्रा पर शनिवार को रवाना हो गए। श्री मोदी ने पालम वायुसैनिक अड्डे से विशेष विमान से रवाना होने से पहले अपने वक्तव्य में जी-20 शिखर सम्मेलन में ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं तथा एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के भारत के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए सार्थक चर्चा की आशा जताई। श्री मोदी ने कहा कि मैं नाइजीरिया, ब्राज़ील और गुयाना की पाँच दिवसीय

यात्रा पर जा रहा हूँ। राष्ट्रपति बोला अहमद टीनुबू के निमंत्रण पर यह नाइजीरिया की मेरी पहली यात्रा होगी, जो पश्चिम अफ्रीकी क्षेत्र में हमारा करीबी भागीदार है। मेरी यात्रा हमारी रणनीतिक साझीदारी को आगे बढ़ाने का अवसर होगी जो लोकतंत्र और बहुलवाद में साझा विश्वास पर आधारित है। मैं भारतीय समुदाय और नाइजीरिया के दोस्तों से मिलने का भी उत्सुकता से इंतजार कर रहा हूं जिन्होंने मुझे हिंदी में गर्मजोशी से स्वागत संदेश भेजे हैं। श्री मोदी ने कहा कि ब्राजील में, मैं ट्रोइका सदस्य के रूप में 19वें जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग (शेष पेज 2 पर)

चुनाव जीतने के लिए एक वोट बैंक बनाया जाता था और फिर उस वोट बैंक को खुश करने के लिए योजनाएं बनती थी। इस प्रकार की राजनीति ने सबसे बड़ा नुकसान यह किया कि देश में असंतुलित असमानता इसका दायरा बहुत बढ़ता गया। कहने को विकास बोर्ड लग जाता था दिखता नहीं था। असंतुलित अवस्था ने, इस मॉडल ने जनता का सरकारों के प्रति विश्वास तोड़ दिया। उन्होंने कहा कि हम आज इस विश्वास को वापस लाए हैं। हमने सरकार का एक उद्देश्य तय किया है। ये उद्देश्य वोटबैंक वाली जो राजनीति होती है ना उससे हजारों मील दूर है। हमारी सरकार का उद्देश्य एक बड़ा है, विराट है, व्यापक है। हम, जनता का विकास, जनता द्वारा विकास एवं जनता के लिए विकास के मंत्र को लेकर चल रहे हैं। हमारा उद्देश्य नया भारत बनाने का है, भारत को विकसित बनाने का है। और जब हम इस विराट लक्ष्य को लेकर निकल पड़े हैं तो भारत की जनता ने भी हमें अपने विश्वास की पूंजी सौंपी है। आप कल्पना कर सकते हैं सोशल मीडिया के इस जमाने में भ्रामक प्रचार दुष्प्रचार सब कुछ चारों तरफ अपने पैर जमा करके बैठा है। इतने सारे अखबार हैं, इतने सारे चैनल हैं, उस दौर में भारत के नागरिक का विश्वास हम पर है, हमारी सरकार पर है। उन्होंने कहा कि जब जनता का विश्वास बढ़ता है, आत्मविश्वास बढ़ता है तो देश के विकास पर एक अलग ही प्रभाव दिखता है। पुरानी विकसित सभ्यताओं से लेकर आज के विकसित देशों तक एक चीज हमेशा से आम रही है, ये आम चीज है जोखिम उठाने की संस्कृति। एक समय था जब हमारा देश पूरे विश्व के कारोबार और संस्कृति का हॉटस्पॉट था। हमारे व्यापारी एवं नाविक एक तरफ दक्षिण पूर्वी एशिया के साथ काम कर रहे थे, तो दूसरी ओर अरब, अफ्रीका और रोमन साम्राज्य से भी उनका गहरा नाता (शेष पेज 2 पर)

हेमंत सोरेन के मन में जरा भी राम बसे हैं, तो घोषणा करें कि...

वह बांग्लादेशी घुसपैठियों के साथ नहीं: शाह

दुमका (एजेंसी)।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे पर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर सीधा हमला बोला। उन्होंने दुमका में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड हाईकोर्ट ने घुसपैठियों की पहचान करने, मतदाता सूची से उनके नाम काटने का आदेश दिया है। अगर हेमंत सोरेन के मन में जरा भी राम बसे हैं, तो वह घोषणा करें कि वह हाईकोर्ट के आदेश का पालन करेंगे।



शाह ने कहा कि हेमंत सोरेन तो हाईकोर्ट के इस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट चले गए हैं। वे झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देते हैं। घुसपैठियों में उन्हें अपना वोट बैंक दिखता है। गृह मंत्री ने कहा कि हेमंत सोरेन इस मामले में हमसे सवाल पूछते हैं, पर क्या उन्होंने कभी बांग्लादेश की बॉर्डर देखी है? इस बॉर्डर के लंबे इलाके में जंगल और नदियां हैं, जहां बाड़ नहीं लग पाए। घुसपैठिए इन्ही रास्तों के जरिए गांव में आते हैं। सवाल यह है कि जब घुसपैठिए आते हैं, तो आपके पटवारी और थानेदार को कैसे पता नहीं चलता है? इनके राशन कार्ड कौन बनाता है? इनके नाम मतदाता सूची में कौन जुड़वाता है? वे झारखंड की बेटियों से शादी कैसे कर लेते हैं। यह सब झारखंड की सरकार के दिशा निर्देश पर होता है। शाह ने हेमंत सोरेन की सरकार पर केंद्र से विकास के लिए भेजी गई राशि लूटने का (शेष पेज 2 पर)

यूसीसी में आदिवासी भाई-बहनों को नहीं किया जाएगा शामिल

वहीं, मधुपुर में झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर गृह मंत्री अमित शाह ने मधुपुर विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान शाह ने कहा कि झारखंड का ये चुनाव, सिर्फ विधायक चुनने या एक पार्टी की सरकार बदलकर दूसरी पार्टी की सरकार लाने का नहीं है। ये चुनाव, झारखंड के युवाओं, महिलाओं, आदिवासियों व पिछड़ों का भविष्य सुधारने का है। उन्होंने कहा कि झारखंड में परिवर्तन, भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए चाहिए, घुसपैठियों को रोकने के लिए चाहिए, महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराध को समाप्त करने के लिए चाहिए, आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार को रोकने के लिए चाहिए और युवाओं को झारखंड में रोजगार और स्वरोजगार के अवसर दिलाने के लिए चाहिए।भाजपा नेता ने कहा कि झारखंड, देश का सबसे समृद्ध राज्य है। यहां इतना कोयला और खनिज है कि अकेला झारखंड पूरे देश को खनिज और ऊर्जा दे सकता, लेकिन दुर्भाग्य तो देखिए, झारखंड समृद्ध है और झारखंडी गरीब हैं। मैं आपसे वादा करता हूं, इतने कारखाने झारखंड में लगेंगे कि यहां के युवाओं को नौकरी के लिए अपने परिवार को छोड़कर दूसरे राज्य में पलायन नहीं करना पड़ेगा।

खास-खबरें

मणिपुर के 7 जिलों में लगा कर्फ्यू

इम्फाल (एजेंसी)। हिंसा प्रभावित मणिपुर के इंफाल पश्चिम और इंफाल पूर्व में कर्फ्यू लगा दिया गया और सात जिलों में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गईं, क्योंकि घाटी के जिलों में छह लोगों की हत्या के खिलाफ ताजा विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं, जिनके शव कथित तौर पर उग्रवादियों द्वारा अपहरण किए जाने के बाद जिरीबाम में मिले थे। पूर्वोत्तर राज्य में मौजूदा स्थिति को देखते हुए इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, बिष्णुपुर, थौबल, काकचिंग, कांगपोकपी और चुराचंदपुर जिलों में दो दिनों के लिए इंटरनेट बंद कर दिया गया। इंफाल घाटी के कुछ जिलों में बड़े पैमाने पर हिंसा की खबरें आईं, क्योंकि भीड़ ने कई विधायकों के घरों पर धावा बोल दिया।

गढ़चिरौली में नक्सलियों ने लगाए दो आईईडी बरामद

गढ़चिरौली (एजेंसी)। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में शनिवार को एक पुल पर नक्सलियों द्वारा कथित तौर पर लगाए गए दो आईईडी (इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) बरामद हुए। पुलिस ने बताया कि एक आईईडी में उस समय विस्फोट हो गया, जब सुरक्षाबल उसे निष्क्रिय करने की कोशिश कर रहे थे। हालांकि, इस विस्फोट में कोई हताहत नहीं हुआ। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि नक्सलियों ने परलाकोटा नदी पर बने उस पुल पर आईईडी लगाए हैं, जो भामरागढ़ को ताड़गांव से जोड़ता है।

भारत ने वो काम कर दिखाया जो कोई देश नहीं कर सका: राजनाथ

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार का दौर जारी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने महायुति के समर्थन में मुंबई में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान राजनाथ ने कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच पिछले 2.5 साल से लगातार युद्ध चल रहा है। जब रूस और यूक्रेन के बीच यह युद्ध शुरू हुआ, तो हमारे कई बच्चे वहां पढ़ते थे, इसलिए यहां मौजूद उनके माता-पिता ने प्रधान मंत्री से मुलाकात की और उनसे अपने बच्चों को यूक्रेन से वापस लाने के लिए कहा। प्रधानमंत्री ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की से बात की और आप जानते ही होंगे कि युद्ध साढ़े चार घंटे के लिए रुक गया और हमारे 22,000 बच्चे वहां से भारत आ गए। भारत ने वो काम कर दिखाया जो कोई देश नहीं कर सका। इसके साथ ही राजनाथ सिंह ने जातिगत जनगणना को लेकर विपक्ष पर निशाना साधा। राजनाथ ने कहा कि हमारे नौजवान नेता राहुल गांधी हाथ में कुछ लाल लिए रहते हैं, कहते हैं कि संविधान है। जहां भी जाते हैं, उसे दिखाते (शेष पेज 2 पर)

माफिया सपा के गले के हार रहे: योगी

प्रयागराज (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी (सपा) पर जबरदस्त हमले बोलते हुए सभी माफियाओं को सपा के गले का हार बताया।

श्री योगी ने फूलपुर में सहसों के कसेरूआ में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी दीपक पटेल के समर्थन में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए राज्य की डबल इंजन की सरकार का हाथ मजबूत करने कि लोगों से अपील की। उन्होंने सपा पर सीधे निशाना साधते हुए कहा कि इनका विकास से कोई लेना देना नहीं है। ये लोगों को

गुमराह करके आपस में बांटने का काम करते हैं।

उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश में जो कुछ भी परिवर्तन दिखता है वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हो रहा है। मेडिकल कॉलेज स्थापना के कार्य हों, चाहे काशी का भव्य देव दीपावली कार्यक्रम रहा हो, अयोध्या धाम का दीपोत्सव कार्यक्रम रहा हो, चाहे गंगा एक्सप्रेस-वे को मेरठ से प्रयागराज को जोड़ने का हो, चाहे वह 2025 का भव्य और दिव्य कुंभ का हो, केवल भाजपा की डबल इंजन की सरकार कर सकती है जबकि सपा का कोसो दूर इससे कोई नाता नहीं है। श्री योगी ने कहा कि सपा का विकास से ,युवाओं, किसानों, व्यापारियों से कोई मतलब नहीं है, इनका एक ही सिद्धांत है सब का साथ और सैफई परिवार का विकास।

ईपीएफओ लाखों लोगों को वित्तीय रूप से बना रहा सबल : मांडविया

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के मुताबिक कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने देश भर के लाखों सदस्यों को सामाजिक सुरक्षा देने और वित्तीय रूप से सबल बनाने का काम किया है।

राष्ट्रीय राजधानी में एक कार्यक्रम में अपने मुख्य भाषण में डॉ. मांडविया ने ईपीएफओ की परिवर्तनकारी यात्रा की सराहना की। उन्होंने ईपीएफओ द्वारा अपने सदस्यों के विशाल कोष का प्रबंधन करने को भी सराहा और पूरे देश में सामाजिक सुरक्षा प्रावधानों को बढ़ाने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। केंद्रीय मंत्री ने मजबूत आईटी प्लेटफॉर्म, शिकायत प्रबंधन के लिए कुशल प्रणाली और सेवा वितरण के सदस्य केंद्रित मॉडल के कार्यान्वयन के महत्व पर भी जोर दिया। डॉ. मांडविया ने ईपीएफओ कर्मचारियों से संगठन के नारे हम हैं ना को अपनाने का आग्रह किया।

संविधान देश का डीएनए है, लेकिन भाजपा और संघ के लिए यह कोरी किताब: राहुल

अमरावती (एजेंसी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी संविधान को देश का डीएनए मानती है, जबकि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के लिए यह एक कोरी किताब है।

महाराष्ट्र के अमरावती में एक रैली में लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि संविधान में कहीं भी यह नहीं लिखा है कि विधायकों की खरीद-फरोख्त कर सरकारें गिराई जा सकती हैं जैसा कि महाराष्ट्र में किया गया। उन्होंने कहा कि इसमें यह भी नहीं लिखा है कि बड़े उद्योगपतियों का 16 लाख करोड़ रुपए का कर्ज माफ किया जा सकता है। राहुल ने कहा कि कांग्रेस संविधान को देश का डीएनए मानती है, जबकि सत्तारूढ़ भाजपा और संघ के लिए यह एक कोरी किताब है। कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा द्वारा हाल ही में किए गए उस दावे के बाद यह टिप्पणी की है जिसमें कहा गया था कि कांग्रेस नेता अपनी चुनावी रैलियों में संविधान की एक प्रति दिखा रहे हैं।

राहुल के संसद में आने के बाद से गिरा लोकसभा में बहस का स्तर: रिजिजू

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज कसा है। उन्होंने दावा किया कि राहुल गांधी के संसद में आने के बाद से लोकसभा में बहस का स्तर गिर गया है। केंद्रीय संसदीय और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री महाराष्ट्र चुनाव के लिए प्रचार करने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा और महायुति के पक्ष में एक अंडरकरंट है, और लड़की बहिन योजना से सत्तारूढ़ गठबंधन को फायदा होगा। रिजिजू ने दावा किया कि कई वरिष्ठ कांग्रेस सांसदों ने उनसे कहा है कि वे बहस और चर्चा चाहते हैं, लेकिन विपक्ष के नेता को चिंता नहीं है क्योंकि वह बहस नहीं कर सकते हैं और कुछ गैर सरकारी संगठनों द्वारा दी गई चिटें पढ़ते हैं। उन्होंने गांधी की आलोचना करते हुए कहा कि उन्हें दलितों, आदिवासियों, संविधान और डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के बारे में बोलने का अधिकार नहीं है। वक्फ (संशोधन) विधेयक के विरोध के बारे में पूछे जाने पर, रिजिजू ने कहा कि विधेयक संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान पारित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विधेयक का विरोध करने वाले राजनीतिक कारणों से ऐसा कर रहे हैं और दावा किया कि कई मुस्लिम प्रतिनिधियों ने उनसे मुलाकात की और अपना समर्थन व्यक्त किया। उन्होंने कहा, मुस्लिम समुदाय के कई पिछड़े सदस्यों, महिलाओं और बुद्धिजीवियों ने कहा है कि वे विधेयक का समर्थन करते हैं।

रोगाणुरोधी प्रतिरोध वैश्विक स्वास्थ्य खतरा: अनुप्रिया

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया सिंह पटेल ने कहा है कि रोगाणुरोधी प्रतिरोध एक वैश्विक स्वास्थ्य खतरा है, जिसके लिए वन हेल्थ दृष्टिकोण की तत्काल आवश्यकता है, जो मानव, पशु और पौधों के स्वास्थ्य के साथ-साथ पर्यावरण और अन्य प्रासंगिक क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देता है। एंटीमाइक्रोबियल प्रतिरोध (एएमआर) पर चौथे मंत्रिस्तरीय उच्च स्तरीय वैश्विक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि एंटीमाइक्रोबियल प्रतिरोध एक वैश्विक स्वास्थ्य खतरा है जिसके लिए वन हेल्थ दृष्टिकोण से तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है। यह मानव, पशु और पौधों के स्वास्थ्य के साथ-साथ पर्यावरण और अन्य प्रासंगिक क्षेत्रों में सहयोग और तालमेल पर बल देता है।

स्पेशल खबर — *शिकायतों के बाद एक्शन में चुनाव आयोग...*

नड्डा और खड़गे से मांगा जवाब, दी सलाह

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय चुनाव आयोग ने शनिवार को बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को अलग-अलग पत्र भेजकर एक-दूसरे की शिकायत पर टिप्पणी करने को कहा है।

आयोग ने सोमवार दोपहर एक बजे तक दोनों पक्षों से औपचारिक प्रतिक्रिया मांगते हुए उनके बीच शिकायतों का आदान-प्रदान किया। ईसीआई ने पार्टी नेताओं को लोकसभा चुनाव के दौरान 22 मई, 2024 को दी गई एक पूर्व सलाह की याद दिलाई, जिसमें उन्हें स्टार प्रचारकों और नेताओं पर नजर रखने के लिए कहा गया था ताकि सार्वजनिक मर्यादा का उल्लंघन न हो और चुनाव के दौरान एमसीसी का अक्षरश: पालन किया जा

सके। यह महाराष्ट्र और झारखंड में चल रहे विधानसभा चुनावों में भाजपा और कांग्रेस द्वारा चुनाव आयोग से एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत करने के बाद आया है। कांग्रेस ने भारत के चुनाव आयोग से महायुति अभियान को बढ़ावा देने के लिए मराठी भाषा के टेलीविजन धारावाहिकों में रणनीतिक रूप से विज्ञापन दिए जाने की शिकायत की है। एक मराठी टेलीविजन चैनल कल से विज्ञापन चला रहा है जिसमें धारावाहिक के एक विशेष दृश्य के बाद शिव सेना के अभियान नारे का एक होर्डिंग दिखाया गया है। महाराष्ट्र कांग्रेस के महासचिव सचिन सावंत ने विज्ञापन लगाने को लेकर राज्य चुनाव आयोग से शिकायत की। सावंत ने इसमें शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए राज्य चुनाव आयोग के अधिकारियों से संपर्क किया है। कांग्रेस नेता के अनुसार विज्ञापन कल से प्रसारित होना शुरू हुआ और आज तक चल रहा है और उन्हें एक अन्य मराठी मनोरंजन चैनल के धारावाहिकों पर ऐसे ही विज्ञापन चलने की शिकायत मिली है।